Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding railway facilities and air connectivity in Shravasti Parliamentary Constituency.

श्री राम शिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती) : माननीय अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश का अति पिछड़ा संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती पर्यटन के लिहाज़ से बहुत ही महत्वपूर्ण स्थल है, जहां बौद्ध धर्म से संबंधित तीर्थ स्थल है, जिसे देखने के लिए देश-विदेश से हजारों पर्यटक प्रतिदिन आते हैं, परन्तु पर्यटकों को आवागमन की सुविधा के लिए रेलवे कनेक्टिविटी के न होने से व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के एयरपोर्ट न होने के कारण यहां घूमने वाले पर्यटकों को बहुत असुविधा का सामना करना पड़ता है ।

अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि बलरामपुर पर्यटन स्थल, श्रावस्ती तक रेलवे कनेक्टिविटी बढाई जाए तथा श्रावस्ती एयरपोर्ट में निर्माण को विस्तार करके इसे पर्यटकों के लिए जल्द से जल्द शुरू किया जाए । इससे उस क्षेत्र के लोगों के लिए नए रोजगार उत्पन्न होंगे तथा इससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी । इससे वहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा ।

धन्यवाद ।